हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

11 बारिश के बीच सीआईटीयू सदस्यों ने किया प्रदर्शन



12 कबड्डी अंडर-14 में गोल्डन वैली स्कूल रहा अव्वल



## खबर संक्षेप

### मातनहेल के जोहड़ में डूबने से बुजुर्ग की मौत



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 79 वर्षीय जय सिंह पुत्र लखीराम के तौर पर हुई है। सोमवार को उनका शव जोहड़ में मिला। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायत से शव निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। परिजनों के अनुसार जय सिंह खेतीबाड़ी का कार्य करते थे। वह गांव के जोहड़ में नहाने गए थे कि उनका पांव फिसल गया। मामले की जांच अधिकारी नीलम ने बताया कि मृतक के पुत्र अमित के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है।

### केएमपी पर हादसे में चालक की मौत

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुए एक हादसे में गाड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में मुजफ्फरनगर निवासी अनिल ने बताया कि उसका भाई कपिल सोमवार को मुजफ्फरनगर से माल भरकर गुरुग्राम के लिए चला था। अनिल और उसका मौसेरा भाई अर्जुन दूसरी गाड़ी में उसके पीछे चल रहे थे। मंगलवार को केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गांव डाबौदा खुर्द के निकट एक ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिस कारण कपिल की गाड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में जा टकराई। अनिल व अर्जुन ने घायल कपिल संभाला। वह गाड़ी के कैबिन में पिचक कर फंस गया था। वे उसे निकाल कर अस्पताल पहुंचे। कपिल की मौत हो चुकी थी। जबकि ट्रक का चालक मौके से भाग गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की जान गई

**झज्जर।** सेक्टर-नौ क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के पास नीचे लटक रहे बिजली के तारों की चपेट में आने से लगे करंट के कारण भैंस की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस, बिजली निगम और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शहर के पुजावा कॉलोनी माता गेट निवासी पीड़ित दलबीर सिंह ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपनी दुधारू भैंस को देवालय मंदिर के पास स्थित तालाब में पानी पिलाने के लिए लेकर गया था। वापसी में सेक्टर-नौ में बिजली के ट्रांसफार्मर के पास नीचे लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई।

झज्जर के प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से सजी सड़क पर कामकाज ठप, बरसात में जलभराव से बढ़ी परेशानी

# ढाई माह से उखड़ी पड़ी छिक्कारा से धौड़ चौक तक की सड़क, बनाने को बजट नहीं

**दुकानदार बोले-व्यापार पर पड़े विपरीत प्रभाव के चलते दुकानों का किराया निकालना भी मुश्किल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। छिक्कारा चौक से धौड़ चौक तक की उखाड़ी गई सड़क पर बरसात के बाद हुआ जलभराव।

शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक मार्गों में शामिल छिक्कारा चौक से धौड़ चौक तक की सड़क को पुनर्निर्माण के लिए उखाड़े करीब ढाई से तीन माह का समय बीत चुका है। निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने के कारण दुकानदारों में रोष है। लंबे समय से सड़क अधूरी पड़े रहने से जहां दुकानदारों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है वहीं क्षेत्रवासियों और राहगीरों को भी रोजाना धूल, गड्ढों और जलभराव जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इतने समय से बंद पड़े कार्य को देखकर लग रहा कि संबंधित विभाग इसे बनाना ही भूल गया है। सड़क उखड़ने के बाद से ग्राहकों की आवाजाही काफी कम हो गई है। दुकानदार प्रवीण जाखड़, परीक्षित, दीपक सैनी, अजय गुर्जर आदि ने कहा कि अधिकांश व्यापारी किराए की दुकानों में अपना कारोबार करते हैं। ऐसे में किराया, कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। सड़क उखाड़ने के बाद कई दिनों तक मलबा भी नहीं हटाया गया था। अब मलबा हट चुका है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से पूरी सड़क बड़े गड्ढे का रूप ले चुकी है। आसपास के घरों और दुकानों का पानी भी इसी हिस्से में जमा हो रहा है। मंगलवार को हुई बरसात के बाद इस उखड़ी सड़क ने एक नहर का रूप ले लिया है। यह मार्ग शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां कई सरकारी और निजी बैंक, ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम, इलेक्ट्रिकल, हार्डवेयर, निजी अस्पताल, कोचिंग सेंटर तथा अन्य प्रतिष्ठान संचालित हैं। सड़क निर्माण में लगातार हो रही देरी का सीधा असर उनके व्यापार पर पड़ रहा है।

सिटी पल्स

### इस रोड पर आने से कतराने लगे ग्राहक : जयपाल



दुकानदार जयपाल ने कहा कि सड़क उखड़ने के बाद ग्राहक दुकान तक आने से कतराने रहे हैं। कई लोग रास्ता खराब देखकर बिना खरीदारी किए ही वापस लौट जाते हैं। लंबे समय से निर्माण कार्य बंद होने से व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है। यदि किसी जानकार को भी खरीददारी के लिए आना भी हो तो घूम कर अन्य गली से होते हुए दुकान तक पहुंचता है।

### उखड़-खाबड़ रास्ते की वजह से चोटिल होने का भय : बलजीत



दुकानदार बलजीत सिंह ने कहा कि ढाई-तीन महीने बीतने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना प्रशासन व संबंधित विभाग की लापरवाही दर्शाता है। व्यापारी आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं, लेकिन किसी अधिकारी ने उनकी समस्याओं की सुध नहीं ली। इस रोड पर अस्तपाल व बैंक स्थित होने के कारण बुजुर्गों का आवागमन भी रहता है। उखड़-खाबड़ रास्ते में उनके चोटिल होने का भय भी है।

### सड़क टूटी होने से पार्किंग में भी परेशानी, लगता है जाम : सुमित



दुकानदार सुमित राठी ने कहा कि बरसात से पहले जहां इस सड़क पर दिनभर धूल उड़ती रहती है वहीं बरसात में हुए जलभराव के बाद आते-जाते वाहन दुकानों के आगे पानी की बौछार कर जाते हैं। इसके अलावा गाड़ी ऊपर न चढ़ पाने के कारण पार्किंग की परेशानी है। लोग सड़क पर गाड़ी खड़ी करते हैं तो जाम की स्थिति की बन जाती है।

### आगामी सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद

इस संबंध में जब एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पहले एजेंसी की पेमेंट का इश्यू था, जिस कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही थी। लेकिन अब बजट आ चुका है तथा एजेंसी की पेमेंट कर दी गई है। एजेंसी संचालक को भी शीघ्र सड़क निर्माण के लिए सूचित किया जा चुका है। उम्मीद है कि आगामी सप्ताह से सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा।

दिल्ली महापंचायत में जा रहे किसानों को बहादुरगढ़ से आगे नहीं जाने दिया

# यूईआर-2 पर किसानों की पांच बसों को पुलिस ने रोका, छह घंटे तक रहा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। दिल्ली जाने से रोके जाने पर विरोध करते पंजाब के किसान।

पंजाब से दिल्ली महापंचायत में जा रहे किसानों को मंगलवार सुबह 8 बजे बहादुरगढ़ में यूईआर-2 पर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच कुछ देर तक तीखी नोक झोंक हुई। किसानों ने जमकर नारेबाजी की और इस बेहद व्यस्त सड़क पर जाम लग गया। पुलिस की कार्रवाई के चलते यूईआर-2 पर काफी देर तक किसान और पुलिस आमने-सामने रहे, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। किसान करीब 2 बजे वापस पंजाब की तरफ लौट गए। करीब छह घंटे बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बता दें कि किसान देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले दिल्ली के किसान घाट पर आयोजित एक दिवसीय धरने और बैठक में शामिल होने जा रहे थे। बहादुरगढ़ से एयरपोर्ट और द्वारका की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर किसानों की 5 बसों को हाईवे पर ही रोक लिया। किसानों का कहना था कि उनका कार्यक्रम पहले से निर्धारित था और उनका जंतर-मंतर पर चल रहे किसी अन्य आंदोलन से कोई संबंध नहीं है। उनका उद्देश्य सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किसान घाट पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में शांतिपूर्ण धरना देना और उसके बाद वापस लौटना था। किसानों ने आरोप लगाया कि बिना किसी कारण उन्हें दिल्ली जाने से रोका गया। उनका कहना था कि सरकार किसानों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, जबकि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराने जा रहे थे।



किसानों की बसों को रोकते पुलिसकर्मी।

दरअसल, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली की सीमाओं पर पुलिस पहले से सतर्क रही। दिल्ली सीमा पर दिल्ली पुलिस तथा हरियाणा की ओर हरियाणा पुलिस ने बैरिकेडिंग कर किसानों के वाहनों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

भारतीय किसान यूनियन (खोसा) के प्रधान सुखजिंदर खोसा के नेतृत्व में किसान दिल्ली रवाना हुए थे। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है और इसका विरोध पूरे देश के किसान कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन केवल किसानों के मुद्दों और ट्रेड डील के विरोध तक सीमित है। सुखजिंदर खोसा ने कहा कि यदि किसानों को इसी तरह शांतिपूर्ण प्रदर्शन से रोका जाता रहा तो देशभर की किसान यूनियन संयुक्त रूप से आगे की रणनीति तय करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

### किसान नेताओं को नजरबंद करने पर जताया विरोध

**बहादुरगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा और ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के आह्वान पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील और यूरोपीय संघ, इंग्लैंड व न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के विरोध में 22 जुलाई को अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाया जाएगा। किसान नेताओं के अनुसार सरकार द्वारा प्रदर्शन को विफल बनाने के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी के अनुसार इन तैयारियों को विफल करने के इरादे से मंगलवार सुबह पुलिस ने ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेता कामरेड ईश्वर सिंह दहिया को पहले उनके पैतृक गांव भटगांव में घर पर नजरबंद कर लिया। बाद में उन्हें सोनीपत के सदर पुलिस स्टेशन में डिटेन किया गया है। किसान नेता दलबीर सिंह को भी सदर थाने में डिटेन किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान तथा प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि किसान नेताओं को घरों से उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### दिल्ली व हरियाणा पुलिस कर्मियों से रिश्ता नहीं करेंगे : प्रकाशी

**झज्जर।** आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन की जिला सचिव प्रकाशी ने दिल्ली में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर्स का आह्वान करते हुए कहा वे दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों के साथ वैवाहिक रिश्ते नहीं करेंगे। इसे विरोध का प्रतीकात्मक निर्णय बताया।

यूएचबीवीएन के एक्सईएन से मिले उद्यमी

# रविवार के बिजली कटों की सूचना एक दिन पहले देंगे

- सेक्टर-16 एवं 17 क्षेत्र में 15 दिन में चालू होगा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को यूएचबीवीएनएल के एक्सईएन सचिन दहिया के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में आ रही बिजली संबंधी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। एसडीओ राहुल, जेई लोकेश, जगमोहन और अंकित भी उपस्थित रहे। एक्सईएन सचिन दहिया ने बताया कि एमआईई पार्ट-ए में वर्तमान में हो रही ट्रिपिंग मुख्यतः खराब मौसम के कारण है। मौसम सामान्य होते ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। सेक्टर-16 एवं 17 क्षेत्र में दो ट्रांसफॉर्मरों में से वर्तमान में केवल एक ही ट्रांसफॉर्मर कार्यरत है, जिस कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिनों में दूसरे ट्रांसफॉर्मर को भी चालू कर दिया जाएगा। एमआईई पार्ट-ए के फीडर नंबर-25 पर बार-बार होने वाले बिजली कटों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। एक्सईएन ने कहा कि अब से रविवार के निर्धारित रखरखाव संबंधी बिजली कटों की सूचना प्रत्येक शनिवार शाम 5 बजे से पहले उद्योगों को उपलब्ध करा दी जाएगी ताकि उद्योग अपने उत्पादन की बेहतर योजना बना सकें। उन्होंने बताया कि सेक्टर-16 में लगभग 15 दिनों के भीतर लोड क्षमता बढ़ाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जाखौदा क्षेत्र में यह कार्य अक्टूबर 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। आसौदा क्षेत्र के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है तथा लगभग एक वर्ष के भीतर वहां भी क्षमता विस्तार का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं एमआईई पार्ट-ए में अगले 8 से 9 महीनों के भीतर विद्युत क्षमता में वृद्धि कर दी जाएगी। बैठक में कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, नवल गर्ग, रोहित छाबड़ा, अंशुल गर्ग, ऋषभ कादयान, अभय छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

### शंकर गार्डन में लगेगा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शंकर गार्डन के नजदीक एक ट्रांसफार्मर में आए फाल्ट के कारण पिछले 2-3 दिन तक कुछ एरिया में बिजली सप्लाई प्रभावित थी। एक तरफ जहां ट्रांसफार्मर फाल्ट को ठीक करने के लिए निगम की टीमें जुटी रही। वहीं ओवरलोड को बैलेंस करने के लिए निगम ने गली नंबर-3 के चौक के निकट एक 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बिजली पोल भी खड़े कर दिए और कुछ एरिया में जहां पुरानी केबल थी उसकी जगह नई एबी डाली गई है। एसडीओ राहुल वर्मा ने बताया कि लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए निगम प्रतिबद्ध है।

# तहसीलदार ने दिया चेयरपर्सन के पति रमेश राठी को नोटिस

- नगर परिषद की स्वीकृत कॉलोनी की संपत्ति को दिखाया था नगर परिषद सीमा से बाहर
- 15 जुलाई को नोटिस देकर 3 दिन में मांगा था स्पष्टीकरण, अब तक नहीं आया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी पर विकास शुल्क और प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़े कथित मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। तहसीलदार कार्यालय ने रमेश राठी को 15 जुलाई को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी जवाब नहीं मिला है।

गत दिवस पूर्व पार्षद मोनिका राठी के पति कपूर राठी ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया था कि नगर परिषद की स्वीकृत कॉलोनी की संपत्ति को दस्तावेजों में नगर परिषद सीमा से बाहर दर्शाकर रमेश राठी ने अपने बेटे के नाम ब्लड डीड करवाई है। जबकि यदि संपत्ति नगर परिषद सीमा के भीतर है तो विकास शुल्क और प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य होता है। कपूर राठी ने आरोप लगाया था कि विकास शुल्क और टैक्स से बचने के लिए गलत जानकारी देकर ब्लड डीड करवाई गई। उन्होंने यह भी दावा किया था कि इस डीड में एक भाजपा पार्षद गवाह के रूप में शामिल थे। नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में आते ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया। अब संबंधित पक्ष से प्राप्त जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में यह साबित होता है कि गलत जानकारी देकर दस्तावेज तैयार कराए गए और सरकारी राजस्व की चोरी की गई तो संबंधित कानूनों के तहत एफआईआर सहित अन्य कानूनी कार्रवाई भी संभव हो सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय जांच और सक्षम प्राधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हैं।

कार्रवाई | लाइनपार क्षेत्र और वार्ड नंबर-18 में सीवर जाम से लोग परेशान

# एसटीपी की एक सप्ताह से मोटरें बंद होने पर सीवर जाम, चेयरपर्सन ने मौके पर जाकर करवाईं चालू

- चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ, जेई और पार्षद मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एसटीपी का जायजा लेती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।

शहर के लाइनपार क्षेत्र और वार्ड नंबर-18 में पिछले एक सप्ताह से बनी सीवर समस्या को लेकर चेयरपर्सन सरोज राठी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ छोटूराम नगर स्थित 18 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंद पड़ी सीवर लाइन की मोटरों को उन्होंने अपनी मौजूदगी में ही चालू करवाया। इससे प्रभावित क्षेत्रों में सीवर व्यवस्था सुधरने की उम्मीद जगी है।

चेयरपर्सन सरोज राठी के साथ जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अमन मोर, एसडीओ नितिन कुमार, जेई अतुल त्यागी और वार्ड-18 के पार्षद संदीप दहिया भी मौजूद रहे। दहिया ने बताया कि एसटीपी पर वार्ड-18 और लाइनपार के कई इलाकों की सीवर व्यवस्था से जुड़ी मुख्य लाइन की मोटर पिछले करीब एक सप्ताह से बंद पड़ी थी। इसके चलते सीवर का पानी निकासी नहीं होने से कई स्थानों पर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई थी और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चेयरपर्सन सरोज राठी ने अधिकारियों से मोटर बंद रहने के कारणों की जानकारी ली और समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए बंद पड़ी सभी मोटरों को चालू कर दिया। मोटर चालू होने के बाद जल्द ही हालात सामान्य होने की उम्मीद है।

### बारिश से गर्मी में मिली आंशिक राहत जलभराव से बनी शहर में परेशानी

**झज्जर।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार सुबह और सायं हल्की बारिश हुई। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। लेकिन पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर जलभराव हो गया। आंबेडकर चौक, सिलानी गेट, सीताराम गेट, माता गेट क्षेत्र में स्थिति ज्यादा दयनीय रही। बरसात रूकने के बाद अधिकांश क्षेत्रों से पानी निकासी की व्यवस्था कर दी गई। लेकिन आंबेडकर चौक से मेन बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर जलभराव होने के कारण काफी परेशानी हुई। उधर, बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



झज्जर। आंबेडकर चौक से मेन बाजार के रास्ते पर जलभराव।

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर डेढ़ लाख से ज्यादा ठगे

**बहादुरगढ़।** नया क्रेडिट कार्ड बनवाने के चक्कर में एक व्यक्ति पुराने क्रेडिट कार्ड से एक लाख 59 हजार रुपये गंवा बैठा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहद निवासी ललित कुमार एक मोबाइल की दुकान पर काम करता है। उसने 18 जुलाई को क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए एक वेबसाइट से लॉगईन करके नए क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया। फिर उसके मोबाइल नंबर पर एक अंजान व्यक्ति की कॉल आई कि उस कंपनी से बोल रहा है। उसने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और जब ललित ने लिंक क्लिक किया तो उसके मोबाइल को हैक करके पुराने क्रेडिट कार्ड से कुल एक लाख 59 हजार 694 रुपये कटने का मैसेज फोन पर प्राप्त हुआ। उसने तुरंत अपने क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कर दिया। उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज करवाई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

## लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।



## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।



# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।

# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना



**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

खबर संक्षेप

## पूर्व पार्षद ने नगर परिषद पर उठाए सवाल



बहादुरगढ़। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने बताया कि बालौर रोड पर कॉलेज के साथ लगते नाले को पिछले मानसून में साफ करवाया गया था। तब से इस नाले पर ना तो स्लैब रखवाए गए और ना ही इसकी सुध ली गई। नाले की दीवार गिर गई है। अब बरसात के मौसम में सारा पानी सड़क पर भरेगा। नालों की सफाई के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जसबीर सैनी ने कहा कि इनेलो से भाजपा में आए नेताओं के कारण आज नगर परिषद के हर काम में भ्रष्टाचार हो रहा है। सफाई व्यवस्था से लेकर टेंडर, प्रॉपर्टी आईडी से लेकर अन्य सभी कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। उनके अनुसार कोई ईमानदार अधिकारी काम करने की कोशिश करता है तो उसे ये लोग परेशान करते हैं।

## धर्मवीर फौजी ने छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की



बहादुरगढ़। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर फौजी ने पेपरलीक को लेकर दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। धर्मवीर फौजी ने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर देशभर से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। पेपर लीक जैसे मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए, ताकि छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बना रहे। छात्रों पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

# बारिश के बीच सीआईटीयू कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन

## जिला प्रशासन के माध्यम से महिला एवं बाल विभाग निदेशक को भेजा ज्ञापन

शीघ्र उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे ताला बंद हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।



झज्जर। बारिश के बीच छाता लेकर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

सीआईटीयू कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को बारिश के बीच लघु सचिवालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी लंबित मांगों की आवाज उठाई। इस दौरान आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से महिला एवं बाल विभाग निदेशक के नाम ज्ञापन भेजा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार से ऑनलाइन काम को बंद करने की अपील करते हुए उसे करने में असमर्थता जताई।

उन्होंने कहा कि हर बार पोषण ट्रैकर अपडेट पर नया काम जोड़ा जा रहा है। अब फेस कैप्चर के माध्यम से राशन देने का जो नया फरमान आया है इसे सरकार वर्कर से ऑनलाइन कार्य थ्रीजी के डमी फोन देकर कराना चाहती है। जिसमें 200 एमबी का पोषण ट्रैकर एप सही से खुल भी नहीं पा रही। यूनियन की जिला प्रधान बालेश जाखड़ ने बताया कि ऑफलाइन काम के लिए वर्करों को स्वयं के पैसे से रजिस्टर खरीदने पड़ रहे हैं। उन्हें फोन रिचार्ज के नाम पर भी नामात्र पैसे दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को इस तरह के ऑफिशियल कार्य कराने है तो उसके लिए अच्छे फोन व सिम मुहैया कराते हुए सही तरीके से पहले इसका प्रशिक्षण दें। इसके अलावा उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति बिना परीक्षा के किया जाना, सीईटी की शर्त को हटाना, सरकार द्वारा वर्ष 2018 में की गई 1500 व 750 की घोषणा को लागू करना, आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों का किराया हर महीने देना, सितंबर 2022 से लगने वाले महंगाई भत्ते की किस्त लागू करना व केंद्र सरकारी की तरफ से मिलने वाला तेरह माह का बकाया मानदेय उनके खातों में डाला जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे ताला बंद हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगीं। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार शेखर नरवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रेस प्रवक्ता मीनू लोहचब, सचिव प्रकाशी, मातनहेल ब्लॉक प्रधान सुनीता, दर्शना, रेखा, अर्चना, सीमा, शर्मिला, कमलेश, ललिता, ऋतुबाला, सीमा, अन्नु आदि रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को जल्द पूरा करने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। तहसीलदार को मांगपत्र सौंपते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को डीसी कार्यालय परिसर पहुंच कर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सुनील ने तथा संचालन जिला सचिव संदीप कुमार मारौत द्वारा किया गया।

कर्मचारियों ने कहा कि 15 से 29 मई तक चली हड़ताल के बाद 29 मई को पानीपत में पंचायत मंत्री की अध्यक्षता में हुई वार्ता के दौरान उनकी 18 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी। अभी तक केवल मानदेय वृद्धि संबंधी पत्र जारी किया गया है शेष 16 मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिला सचिव संदीप कुमार मारौत ने कहा कि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो आगामी दस अगस्त को सत्याग्रह आंदोलन करेंगे। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पूरे प्रदेश से पदयात्राएं निकाली जाएंगी। कर्मचारियों ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज की भी निंदा की। इस मौके पर राम भगत व सीआईटीयू की उपप्रधान अनीता द्वारा ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत कर्मचारियों ने तहसीलदार शेखर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा।



झज्जर। शक्ति केंद्र पर बूथ अध्यक्षों की बैठक लेते जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि।

## शक्ति केंद्र बैठक में एसआईआर सहित कई मुद्दों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने शक्तिकेंद्र प्रमुख मनीष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित शक्ति केंद्र की संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए कि जिन बूथों पर अभी तक बूथ समिति का गठन नहीं हुआ है, वहां आगामी दो दिनों के भीतर समिति का गठन कर उसकी सूची शक्ति केंद्र प्रमुख एवं जिला कार्यालय में जमा कराई जाए तथा सरल ऐप पर भी अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने सभी बूथों पर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुनने तथा उसकी जानकारी एवं उपस्थिति सरल ऐप पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता एवं सक्रियता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर मनोनीत पार्षद जगदीश वर्मा, डॉक्टर मुकेश पोपली, अशोक जांगड़ा, जयप्रकाश एडवोकेट सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## हेल्थ कैंप में 220 मरीजों की जांच



बेरी। गांव बागपुर स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर परिसर में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चले इस शिविर में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी अस्पताल से आए अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने 220 लोगों की आंखों की जांच की। डॉक्टरों ने आंखों से संबंधित विभिन्न रोगों की गहन जांच की तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, उनका ऑपरेशन कराने के लिए चयन किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा जिन लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी, उन्हें निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। उन्होंने लोगों को समय-समय पर आंखों की जांच कराने, संतुलित आहार लेने, धूल-मिट्टी से बचाव करने तथा आंखों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

## डीसी ने बरसाती सीजन में जल निकासी और स्वच्छ पेयजल को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देतीं डीसी वर्षा खांगवाल।

डीसी वर्षा खांगवाल ने मानसून सीजन के दौरान जल निकासी, जलभराव की रोकथाम, स्वच्छ पेयजल, नालों की सफाई, सड़कों की तुरंत मरम्मत आदि की बिंदु वार समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की डेड लाइन तय की जाए, शार्ट टर्म कार्य जल्द पूरे किए जाएं जबकि लंबी अवधि में होने वाले विकास कार्यो की रूपरेखा तैयार करते हुए पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान जल निकासी व्यवस्था हर समय सुचारु रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात होने के तुरंत बाद जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की शीघ्र निकासी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड स्टाफ संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पंप सेट, मोटर, पाइप एवं अन्य आवश्यक उपकरणों को पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रखे, ताकि आवश्यकता पड़ते ही बिना विलंब जल निकासी का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## एसआईआर अभियान में तेजी लाएं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिछले एक माह से चल रहा एसआईआर अभियान अंतिम चरण में है, ऐसे में शेष सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र संकलित कर तुरंत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास के साथ वीसी उपरांत एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। इस दौरान उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ तथा बीएलओ द्वारा पिछले एक माह से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि अब कुछ पात्र मतदाताओं का पंजीकरण शेष है। अगले दो दिनों में इस कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से गणना प्रपत्र जमा करने वाले मतदाताओं का भौतिक सत्यापन निर्धारित समय सीमा से पहले हर हाल में पूरा किया जाए। एसआईआर अभियान अंतिम चरण में है, ऐसे में शेष सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र संकलित कर तुरंत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि एक भी पात्र मतदाता किसी भी कारण से छूटना नहीं चाहिए।

## मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में 507 ग्रामीणों ने उठाया चिकित्सा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शिविर के दौरान स्वास्थ्य की जांच करवाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप तथा रिलायंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दादरी तोए में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में कुल 507 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें नेत्र रोग में 137, सामान्य रोग में 136, स्त्री एवं प्रसूति रोग में 77, दंत रोग में 102 तथा प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग में 55 लोगों की जांच एवं उपचार किया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान 55 लोगों को चश्मे उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया गया, जबकि 8 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए परामर्श दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आंखों की देखभाल, दांतों की स्वच्छता, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में तथा योग-आसनों की भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव ढराना के राजकीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देता है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डायल-112 आपातकालीन सेवा की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल-112 पर संपर्क कर पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के नुकसान तथा सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करें।



बेरी। विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## सोलधा स्कूल में हर हाथ एक पौधा अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गांव सोलधा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुशीला सांगवान के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में शिक्षकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। प्राचार्या सुशीला सांगवान ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल हरियाली ही नहीं देता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर जीवन का आधार बनता है। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ-साथ प्रत्येक पौधे की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया। शिक्षकों ने छात्रों को पौधों के महत्व, जैव विविधता के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की देखरेख के लिए विद्यार्थियों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहें और भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें।



बहादुरगढ़। हर हाथ एक पौधा अभियान चलाती प्रिंसिपल सुशीला सांगवान।

## जिले के स्काउट्स एंड गाइड्स को मिली ओवरऑल ट्रॉफी




झज्जर। पुरस्कार प्राप्त करते विभागीय अधिकारी

झज्जर। जिले के स्काउट्स एंड गाइड्स को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में ओवरऑल ट्रॉफी प्रदान की गई है। हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के पांच प्रतिभाशाली स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों, अनुशासन, सेवा-भावना एवं संगठन के प्रति समर्पण के लिए प्रदेश के राज्यपाल एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हरियाणा के संरक्षक प्रोफेसर असीम कुमार घोष द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त स्काउट रतिंद्र सिंह तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों के सफल संचालन, प्रभावी नेतृत्व एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। समारोह में डीओसी गाइड मैनावंती को मेडल ऑफ मेरिट तथा डीओसी डॉक्टर राजेंद्र को संगठन के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इनमें ओपन ग्रुप के जयंत को सर्वश्रेष्ठ रोवर, रोहित को सर्वश्रेष्ठ स्काउट, कोमल को सर्वश्रेष्ठ गाइड तथा भव्या को सर्वश्रेष्ठ बुलबुल से सम्मानित किया गया।

5वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा

## ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

मंगलवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ रोहताश दहिया ने की। प्राचार्या उर्मिल राठी ने बताया कि प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया। 5वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फोक डांस समूह में 9 से 12 कक्षा वर्ग में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान द्वितीय तथा राजकीय कन्या हाई स्कूल चिमनी तृतीय रहा। जबकि 5 से 8 कक्षा वर्ग में राजकीय मिडिल स्कूल वजीरपुर पहले, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल दूसरे तथा पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार फोक डांस एकल स्पर्धा के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अच्छेज ने प्रथम, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रागिनी प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी प्रथम, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोच्छी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### जूनियर वर्ग में ये बने विजेता

जूनियर वर्ग में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी द्वितीय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी तृतीय रहा। नाटक प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरहान को पहला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान को दूसरा तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल को तीसरा स्थान मिला। जूनियर वर्ग में राजकीय कन्या हाई स्कूल गोच्छी प्रथम, चिमनी द्वितीय तथा पहाड़ीपुर तृतीय रहा।

## ब्लॉक स्तरीय खेलों में खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी बहाया पसीना

# कबड्डी अंडर-14 में गोल्डन वैली स्कूल की टीम रही अव्वल

कुश्ती, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, चैस व कबड्डी में जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। बास्केटबॉल के मुकाबले केआर मंगलम स्कूल में खेले गए



बहादुरगढ़। केआर मंगलम की प्रिंसिपल के साथ बॉस्केटबॉल खिलाड़ी व कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान दावपेंच लगाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलों में लड़कों की खेल स्पर्धाओं में कड़े मुकाबले हुए। कुश्ती, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, चैस व कबड्डी में जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। बास्केटबॉल के मुकाबले केआर मंगलम स्कूल में खेले गए। प्राचार्य अर्पिता आचार्या ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

लड़कों की अंडर-14, 17 व 19 स्कूली खेल प्रतियोगिताओ में ब्लॉक स्तर पर विजयी खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओ के लिए किया गया। बुधवार को लड़कियों की खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अंडर-14 कुश्ती फ्री स्टाइल 35 किलोग्राम वर्ग में तनुज, 38 किलो में आर्य, 41 किलो में प्रियांशु, 44 किलो में पूर्व, 48 किलो में वंश, 52 किलो में आयुष, 57 किलो में तुषार, 62 किलो में हर्षित, 68 किलो में सिद्धार्थ, 75 किलो में तेज ने पहला स्थान हासिल किया। कबड्डी अंडर-14 में गोल्डन वैली स्कूल की टीम पहले, पीडीएम स्कूल दूसरे नंबर पर रही।

बॉक्सिंग अंडर-17 के 46 किलोग्राम में चिराग, 48 में अंश मान, 50 में मानव शर्मा, 52 में यश यादव, 54 में नमित दलाल, 57 में गौरव, 60 में रौनक, 63 में अनुज राठी, 66 में मयंक दलाल व 70 में रूद्र ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 में 46 किलोग्राम में नवनीत, 64 में आरव, 69 में मुकुल, 75 में रवि, 81 में जतिन, 91 में प्रीत व सुमित ने पहला स्थान हासिल किया।

बास्केटबाल में अंडर-17 में छारा राजकीय स्कूल व अंडर-14 में छारा का संस्कार स्कूल प्रथम रहे। बैडमिंटन अंडर-17 में सहज प्रीत सिंह ने पहला और भरत कादयान ने दूसरा स्थान हासिल किया।



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

बेशक आज घर बड़े हो गए हैं, लेकिन दिल छोटे पड़ गए हैं। बदलते समय, तकनीक और भागदौड़ भरी जिंदगी ने रिश्तों के मायने भी बदल दिए हैं। कभी संयुक्त परिवारों की रौनक, चौपाल की बैठकों, त्योहारों की सामूहिक खुशियों और पड़ोसियों के अपनत्व से भरा समाज आज काफी हद तक औपचारिक होता जा रहा है। रिश्तों की असली ताकत दौलत-जायदाद में नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान, त्याग और साथ निभाने की भावना में होती है। शायद यही वह विरासत है, जिसे संभालकर रखना आज पहले से कहीं अधिक जरूरी है। बुजुर्गों की यादें केवल अतीत की कहानियां नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का अनुभव हैं।

# जब परिवार ही सबसे बड़ी दौलत थी

### आज भी ताजा है रिश्तों की गर्माहट का वह दौर

## आज साथ खाना खाने का समय भी नहीं



उषा भारद्वाज के अनुसार आज से 40 साल पहले कमाई कम थी, लेकिन प्यार बहुत था। अगर घर में चार रोटियां होती थीं तो सब मिलकर खाते थे। किसी एक की परेशानी पूरे परिवार की परेशानी होती थी। पहले रिश्ते केवल खून से नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और साथ निभाने से बनते थे। हर त्योहार का इंतजार महीनों पहले से होता था। सब मिलकर खुशियां और गम सांझा करते थे, लेकिन आज त्योहार भी सिर्फ एक औपचारिक शुभकामना तक सीमित रह गए हैं। आज साधन बढ़ गए हैं, लेकिन साथ बैठकर खाना खाने का समय भी लोगों के पास नहीं है।

## आज शिक्षा बढ़ी है, लेकिन धैर्य और सम्मान पहले जैसा नहीं रहे



महाबीर प्रसाद बोंदवाल के अनुसार पहले किसी के घर शादी होती थी तो पूरा गांव बिना बुलाए मदद करने पहुंच जाता था। महिलाएं मिलकर खाना बनाती थीं और पुरुष सारी व्यवस्था संभालते थे। किसी के घर दुख आता था तो कई दिनों तक लोग उसके साथ खड़े रहते थे। आज लोग संवेदना भी मोबाइल संदेश से व्यक्त कर देते हैं। कोई भी फैसला घर के बुजुर्गों की सलाह के बिना नहीं होता था। आज शिक्षा बढ़ी है, लेकिन धैर्य और सम्मान पहले जैसा नहीं रहा। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सब साथ बैठते, हंसी-मजाक करते और लोकगीत गाते थे, लेकिन अब वो बात नहीं रही।

## आधुनिक जीवन ने परिवार के साथ बिताया जाने वाला समय कम कर दिया



सुरेश शर्मा बताते हैं कि हमारे बचपन के समय में घरों के दरवाजे दिनभर खुले रहते थे। बच्चों को पूरा मोहल्ला अपना मानता था। आज लोग वर्षों तक एक-दूसरे के पड़ोस में रहते हैं, लेकिन वो मेलजोल नहीं होता। आधुनिक जीवन ने सुविधाएं तो दी हैं, पर परिवार के साथ बिताया जाने वाला समय कम कर दिया है। समय के साथ बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन रिश्तों में अपनापन, संवाद और सम्मान कभी पुराना नहीं होना चाहिए। यदि परिवार रोज कुछ समय साथ बैठे, एक-दूसरे की बातें सुने और बुजुर्गों के अनुभवों का सम्मान करे, तो रिश्तों की वह गर्माहट फिर लौट सकती है।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल की बास्केटबॉल और शतरंज की टीमें रही प्रथम

**झज्जर।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के पहले दिन एच डी स्कूल साल्हावास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते कई पदक अपने नाम किए हैं। एथलेटिक्स कोच हितेश गर्ग, ज्योति मान और रवींद्र यादव ने बताया कि पहले दिन आयोजित टीम गेम में विद्यालय की अंडर -14 और अंडर -17 दोनों बास्केटबाल टीमों ने पूरे साल्हावास ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कुश्ती में छात्र यश ने अंडर -19 आयुवर्ग के सभी पहलवानों को पटखनी देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की अंडर -14 और अंडर -19 दोनों शतरंज टीमों ने भी पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं बैडमिंटन में उमेश ने अंडर -17 आयुवर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया है। योगा में अंडर -14 में छात्रा सुदेश प्रथम, जयंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

कबड्डी की अंडर -14 टीम ने भी द्वितीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन पर एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इनसे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं प्राचार्या प्रीति राठी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। विजेता प्रतिभागी अपने प्रशिक्षकों व स्टाफ सदस्यों के साथ।


झज्जर। विजेता खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकों के साथ विजयी चिन्ह बनाते हुए।

## संस्कारम के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स व बॉक्सिंग स्पर्धा में जीते पांच गोल्ड मेडल

**झज्जर।** मंगलवार को संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास परिसर में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगियों ने अपनी खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते पांच गोल्ड मेडल जीते। प्रतियोगिता के पहले दिन बैडमिंटन, योग, शतरंज, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स जैसी मुख्य स्पर्धाएं आयोजित की गईं। एथलेटिक्स की 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में होनहार खिलाड़ी अरुण ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं बॉक्सिंग में तीन गोल्ड मेडल हासिल किए। बास्केटबॉल के बेहद रोमांचक मुकाबले में संस्कारम की टीम ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि योग स्पर्धा में लोकेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्या डॉक्टर प्रीति गोयल ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके खेल प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क की भावना विकसित करते हैं।

## 254 ने करवाई नेत्र जांच

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया स्थित यंग जीनियस स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ स्कूल संचालक पंकज मलिक व प्राचार्या रितु मलिक ने किया। सेंटर फॉर साइट की नेत्र चिकित्सक मधु व उनकी टीम ने 254 लोगों की आंखें जांची। कई की आंखों में एलर्जी की शिकायत मिली तो कुछ दूर दृष्टि व निकट दृष्टि की दिक्कत से ग्रस्त मिले। डॉक्टरों ने आंखों की देखभाल करते हुए उन्हें उचित परामर्श भी दिया। शिविर में सत्येंद्र दहिया, दिनेश, सुषमा, रेखा, हरिओम व रामानंद आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। कैंप में एक छात्रा की आंख जांचती स्वास्थ्यकर्मी।


झज्जर। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए अतिथि। फोटो: हरिभूमि

## शिविर में 60 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा मंगलवार को सासरौली गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रिटायर्ड एसीपी राजबीर सिंह जाखड़ ने की जबकि जिला पार्षद शिव कुमार मुख्यातिथि व जिला पार्षद अनिल पहलवान व डॉक्टर हरिओम रंगा विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। रक्त एकत्रण का कार्य लाईफ लाईन ब्लड सेंटर दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया। शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर दीपक खोरड़ा, धर्मेंद्र कुमार, श्याम लाल जांगडा, देव भारद्वाज, शिवनारायण पूनिया, सन्नी कुमार, नितिन शर्मा, संदीप कुमार, भजनलाल, दीपक ग्रेवाल, योगेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बीआरजी के हेमदत्त विदेश में लगाएंगे दौड़

- हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस में बीआरजी के धावकों का रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पुरस्कार प्राप्त करते बीआरजी के विजेता धावक। फोटो: हरिभूमि

गुरुग्राम में आयोजित हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस के पुरस्कार समारोह में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक और ट्रॉफियां जीती। साथ ही 10 किलोमीटर दौड़ में ओवरऑल पहला स्थान हासिल करने वाले बीआरजी के हेमदत्त का चयन सितंबर-2026 में होने वाली प्रतिष्ठित बिम्बो ग्लोबल रेस के लिए हुआ है। वे अब विदेश में भारत की तरफ से दौड़ लगाएंगे।

बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि विजेंद्र ने 40 प्लस आयुवर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ में तीसरा स्थान, सन्नी ने 30 प्लस की 5 किलोमीटर दौड़ में पहला और रोहतास ने 40 प्लस की 3 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में संजू सैनी ने 3 किलोमीटर ओपन वर्ग में पहला, ललिता पांडे ने 40 प्लस में तीसरा स्थान, कृष्णा राणा ने 60 प्लस वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। कृष्ण बधवार ने 60 प्लस की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान, धर्मवीर ने 50 प्लस की 5 किलोमीटर दौड़ में पहला तथा राजेश कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीन किलोमीटर ओपन वर्ग में संदीप ने पहला स्थान, सुनक्ष सांगवान ने अंडर-15 वर्ग में पहला और पक्ष सांगवान ने दूसरा स्थान हासिल किया।


हेमदत्त

## आईआईटी रूड़की और पटना में पेस के विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आईआईटी एडवांस के काउंसलिंग परिणामों में पेस ग्रुप के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर संस्थान और जिले का गौरव बढ़ाया है। निदेशक जय विकास ने बताया कि ड्रॉपर बैच की छात्रा वंशिका ने जहां आईआईटी रुड़की में सीट हासिल की है वहीं छात्र गौतम का चयन आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग शाखा में हुआ है।

इसके अलावा छात्र रुपेश ने आईआईटी पटना में मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा में प्रवेश लिया है। उन्होंने कहा कि पेस ग्रुप केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित चावला, संदीप, हरीश, अश्वनी ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। छात्रा वंशिका के साथ उपस्थित डायरेक्टर जयविकास।

## सर्वोदय जनहित समाज कल्याण एनजीओ ने एक लाख पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को सर्वोदय जनहित समाज कल्याण एनजीओ की ओर से को एक लाख पौधे लगाने के महा अभियान का शुभारंभ शहर के टाउन पार्क से किया गया। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने संस्था द्वारा एक लाख पौधे लगाने के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पेड़ मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे जनहित के कार्यों में समाज के हर वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान संस्था के सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में संस्था के प्रधान प्रदीप शर्मा, सूरजभान सैनी, कौशल्या वर्मा, राज सिंह सोनी, भूप सिंह काकरान, राजेश, सुमन देवी, सुरेश, महेंद्र आदि मौजूद रहे।


झज्जर। टाउन पार्क में पौधरोपण करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

## पौधे और पुस्तकें बांट रहें डॉ. फौजी


नागरिकों को पौधे बांटते डॉ. फौजी।

**बहादुरगढ़।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर फेडरेशन ऑफ सोशल जस्टिस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. फौजी इंडिया द्वारा शहर की ओमेक्स सिटी में पौधों का वितरण किया गया। इसके अलावा वे बहुजन समाज के महानायकों से संबंधित पुस्तकें भी वितरित कर रहे हैं। डॉ. फौजी इंडिया ने बताया कि वे हर बुद्धिजीवी को पुस्तकों के साथ पौधे भेंट करते हैं। ताकि युवा पीढ़ी बहुजन महानायकों से शिक्षा ग्रहण कर उसे अपने जीवन में उतारे। बहुजन समाज के महानायकों से संबंधित पुस्तकों को पढ़कर हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके संघर्ष, विचारों व सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारे और भावी पीढ़ी को भविष्य के लिए तैयार करें। पुस्तकों के साथ ही फौजी पौधे भी वितरित करते हैं, ताकि लोग पर्यावरण के संरक्षण में अहम भूमिका निभा सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005


बहादुरगढ़। पवन जैन को सम्मानित करते मंत्री विपुल गोयल।

## पवन जैन बने भाविप के विकास रत्न

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद के 64वें स्थापना दिवस समारोह में बहादुरगढ़ के उद्योगपति पवन जैन को विकास रत्न सम्मान दिया गया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने उन्हें सम्मानित किया। भाविप के जिला समन्वयक सतीश शर्मा ने बताया कि पवन जैन भाविप के प्रांतीय संरक्षक हैं तथा भाविप जिला झज्जर के प्रथम विकास रत्न बने हैं। भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जिंदल ने बताया कि परिषद द्वारा प्रारंभ की गई विशेष कॉरपोरेट योजना के अंतर्गत परिषद के सेवा कोष में एक लाख रुपये का सहयोग देने पर विकास रत्न सम्मान प्रदान किया जाता है। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष परमजीत पाहवा, राकेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, वनीत अग्घी, मूलचंद जोशी, सुनील जैन, मुकेश बंसल, योगेश गोयल, रामचरण सिंघला, गीता गुप्ता, विजय रोहिल्ला, रमेश अहलावत, मुरारी लाल गुप्ता, नीरज गर्ग, रमेश गुप्ता, रमेश सुखीजा, विजय पुन्हानी आदि ने पवन जैन को बधाई दी।

# स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट आज होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मिशन एडमिशन

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों की पहली मेरिट लिस्ट लंबे इंतजार के बाद बुधवार को जारी होगी। उधर एमए, एमएससी, एमकॉम आदि स्नातकोत्तर कक्षाओं के आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 23 जुलाई से 27 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट 29 जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 30 जुलाई से 03 अगस्त तक फीस भर सकेंगे।

### चार अगस्त से शुरू होगी ओपन काउंसलिंग

डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिलों के बाद खाली बची सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग चार अगस्त से शुरू होगी। नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल पांच अगस्त से दोबारा खुलेगा तथा छह अगस्त से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 13 अगस्त से 19 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त फीस लगेगी।

### सीट छोड़ने का विकल्प

डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि यदि किसी विद्यार्थी को पहली मेरिट लिस्ट में अपनी पहली पसंद का कॉलेज नहीं मिलता है तो वह सीट छोड़ सकता है और दूसरी मेरिट लिस्ट में उसके आवेदन पर विचार किया जा सकता है। सीट छोड़ने के लिए ऑनलाइन ऑप्शन भरना होगा।

**ऑनलाइन जमा होगी फीसः** डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि एडमिशन पोर्टल पर 'नो योर रिजल्ट'टैब से पता लग जाएगा कि दाखिला किस कॉलेज के किस कोर्स में हुआ है। जिन अभ्यर्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वे फीस जमा कर सकते हैं। सरकारी कॉलेजों की फीस ऑनलाइन जमा होगी जबकि प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से जमा की जा सकती है।



## बादली कॉलेज में पीजी प्रथम वर्ष में दाखिले शुरू



**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी 26 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज प्राचार्य मेजर आनंद कादयाण ने बताया कि आवेदन पत्र में संशोधन की सुविधा 18 से 27 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। वहीं, कॉलेज की ओर से 18 से 28 जुलाई तक विद्यार्थियों के दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा और किसी प्रकार की आपत्ति होने पर उसका निस्तारण किया जाएगा। एडमिशन के नोडल अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि 29 जुलाई को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी, जबकि 30 जुलाई को अंतिम मेरिट लिस्ट प्रकाशित होगी।

## प्रथम मेरिट सूची की छात्राएं 23 से 27 तक जमा करवाएं फीस



**बहादुरगढ़।** उच्चतर शिक्षा विभाग की नवीनतम अधिसूचनाओं के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं एवं अभिभावकों से समय रहते प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने का आह्वान किया है। प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी में 30 सीटें, एमकॉम में 60 सीटें तथा एमएससी गणित में 40 सीटें उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण सहायता केंद्र, विषय चयन परामर्श, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन तथा प्रवेश हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। स्नातक प्रथम वर्ष की प्रथम मेरिट सूची 22 जुलाई को जारी होगी।